Headline: NSE witnessing a flurry of listing of Company from Indore and Nagpur in August	
Source: Swadesh	**Date:** 21 Augsut 2015

एनएसई में इंदौर-नागपुर की कंपनियों की अगस्त में लिस्टिंग की बहार

मुंबई। भारत के सबसे बड़े एक्सचेंज नेशनल स्टाक एक्सचेंज के एमएमई प्लेटफार्म पर अगस्त महीने में लिस्टिंग की बहार देखने को मिल रही है। नागपुर से लेकर इंदौर तक की कंपनियों ने एनएसई के इमर्ज और इमर्ज आईटीपी प्लेटफार्म पर खुद को सूचीबद्ध कराया है। एक दिन पहले कैपको इंडस्ट्रीज इमर्ज आईटीपी प्लेटफार्म पर सूचीबद्ध हुई, नागपुर स्थित एमके टैप्स एंड कटिंग टूल्स लिमिटेड ने स्वयं को आज एनएसई के इमर्ज प्लेटफार्म पर सूचीबद्ध कराया, जबकि मोहिनी फाइबर्स 17 अगस्त के आईटीपी पर सूचीबद्ध होगी। एमके टैप्स एंड कटिंग टूल्स लिमिटेड (ईटीसीटीएल, जोकि विभिन्न प्रकार के नलों और मशीन टूल्स का निर्माण करती है, आज नेशनल स्टाक एक्सचेंज के एसएमई प्लेटफार्म इमर्ज पर सूचीबद्ध हुई। ईटीसीटीएल ने 10 रु. मूल्य के 471200 इक्विटी शेयरों के अपने पहले आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के साथ पूंजी बाजार में प्रवेश किया और कुल 15.54 करोड़ रु. जुटाए। निर्गम अभिदान के लिए 27 जुलाई 2015 को खुला था और इसका शेयर भाव 330 रु. प्रति शेयर तय किया गया था। यह 30 जुलाई को बंद हुआ। आईपीओ को 1.39 गुणा अधिक अभिदान मिला। ईटीसीटीएल एनएसई के इमर्ज प्लेटफार्म पर सूचीबद्ध होने वाली विदर्भ क्षेत्र की पहली और कुल मिलाकर आठवीं कंपनी है। एनएसई के इमर्ज आईटीपी प्लेटफार्म पर एक और कंपनी शामिल हुई। इंदौर स्थित कैपको इंडस्ट्रीज लिमिटेड को 12 अगस्त 2015 को सूचीबद्ध कराया गया। वर्ष 2007 में स्थापित कंपनी निर्माण, आटोमोटिव, कृषि एवं इंजीनियरिंग उद्योग के उपकरणों के लिए फ्यूल एवं हाईड्रालिक आयल के लिए प्रयुक्त फैब्रिकेटेड टैंकों का उत्पादन करती है। इमर्ज आईटीपी पर 17 अगस्त 2015 को इंदौर स्थित मोहिनी फाइबर्स लिमिटेड को भी सूचीबद्ध कराया जाएगा। इसके बाद प्लेटफार्म पर सूचीबद्ध होने वाली कंपनियों की कुल संख्या 18 हो जाएगी। मोहीनी फाइबर्स की स्थापना वर्ष 2009 में की गई थी। यह उत्पाद की गुणवत्ता सुधारने के लिए साफ्ट काटन वेस्ट का पुनर्चक्रण करती है। कंपनी सर्जिकल काटन रोल्स, काटन बाल्स, काटन वूल रोल्स, एब्जार्बेट काटन रोल्स, काटन पैड्स और काटन वेस्ट में काम करती है।